## 2. क्षेत्रफल : स्थिति, विस्तार


❑ **भारत में राजस्थान की भौगोलिक स्थिति है-**

[Asst. Agriculture Officer : 29.01.2013]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.06.2024 (II)]
[पशु परिचर-1.12.2024 (S-I)][पशु परिचर-2.12.2024 (S-II)]

(1) उत्तर-पश्चिमी भाग (2) दक्षिण-पश्चिमी भाग
(3) उत्तर-पूर्वी भाग (4) दक्षिण-पूर्वी भाग

**Ans.** (1)

***व्याख्या*** *- भारतीय मानचित्र पर राजस्थान की स्थिति उत्तर-पश्चिम दिशा (वायव्य कोण) हैं। राजस्थान अक्षांशीय दृष्टि से पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध तथा देशांतरीय दृष्टि से पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है।*




❑ **विश्व में, राजस्थान किस गोलार्द्ध में स्थित है?**

[JEN (Mechanical) Degree - 20.05.2022]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-13.06.2024 (I)]

(1) उत्तर-पश्चिमी गोलार्द्ध (2) उत्तर-पूर्वी गोलार्द्ध
(3) दक्षिण-पूर्वी गोलार्द्ध (4) दक्षिण-पश्चिम गोलार्द्ध

**Ans.** (2) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान आकार में ...है।** [JEN Exam - 21.08.2016]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.5.2022][छात्रावास अधीक्षक-2008]

(1) त्रिभुजाकार (Triangular)
(2) पतंग/समांतर असमचतुर्भुजाकार (Rhomboid)
(3) पंचभुजाकार (Pentagonal)
(4) षट्कोणीय (Hexagonal)

**Ans.** (2)

***व्याख्या*** *- राजस्थान की स्थलाकृति विषमकोणीय चतुर्भुज (Rhombus) या पतंग के समान है। उल्लेखनीय है कि जयपुर रियासत के **ब्रिटिश हैल्थ ऑफिसर प्रो.टी.एच. हैण्डले** ने राजस्थान की स्थलाकृति के बारे में सर्वप्रथम बताया तथा जयपुर शासक रामसिंह II को **जयपुर को 'गेरूआ रंग' रंगवाने** की सलाह दी।*

❑ **राजस्थान के बारे में कौनसा कथन सत्य है-**

[JEN (Mechanical) Diploma - 20.05.2022]

(1) इसका आधार विषमकोण चतुर्भुज के समान है।
(2) इसका उत्तर से दक्षिण विस्तार 869 किमी. है।
(3) इसकी स्थलीय सीमा 6920 किमी. है।
(4) इसका क्षेत्रफल 3,42,329 वर्ग किमी. है।

**Ans.** (1) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान राज्य का कुल क्षेत्रफल है, लगभग**

[पटवार- 2011][II Grade (English) 2011, बी.एस.टी.सी.-2008]
[JEN Diploma (TSP) - 16.10.2016][R.A.S. Pre - 2003]
[कनिष्ठ अनुदेशक (इलेक्ट्रीशियन)- 24.03.2019]

(1) 2 लाख 24 हजार वर्ग किमी.
(2) 3 लाख 42 हजार वर्ग किमी.
(3) 4 लाख 24 हजार वर्ग किमी.
(4) 5 लाख 42 हजार वर्ग किमी.

**Ans.** (2)

***व्याख्या-राजस्थान का क्षेत्रफल की दृष्टि से देश में स्थान-प्रथम (3,42,239 वर्ग किलोमीटर/1,32,140 वर्ग मील) है।***

❑ **कुल भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से देश में राजस्थान का स्थान है?** [छात्रावास अधीक्षक परीक्षा, 2008]

(1) प्रथम (2) द्वितीय (3) तृतीय (4) चतुर्थ

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्न में से कौन-सा राज्य सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला है?** [सूचना सहायक परीक्षा- 2011]
[S.I. Exam. 2002] [पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I)]

(1) मध्यप्रदेश (2) उत्तरप्रदेश (3) राजस्थान (4) महाराष्ट्र

**Ans.** (3)

***व्याख्या*** *- भारत में सर्वाधिक क्षेत्रफल वाले राज्य -*

| | |
|---|---|
| *1. राजस्थान* | *- 3,42,239 वर्ग किमी.* |
| *2. मध्यप्रदेश* | *- 3,08,245 वर्ग किमी.* |
| *3. महाराष्ट्र* | *- 3,07,713 वर्ग किमी.* |

❑ **क्षेत्रफल की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थान के बाद सबसे बड़ा राज्य है-**

[कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) सीधी भर्ती परीक्षा- 20.03.2019]

(1) उत्तर प्रदेश (2) मध्यप्रदेश (3) आन्ध्रप्रदेश (4) महाराष्ट्र

**Ans.** (2) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का है-** [JEN (Mech.) Degree (TSP) - 16.10.2016]
[RAS-28.08.2016] [II Grade Teacher-2011, 31.10.2018]
[पुलिस कॉन्स्टेबल-6.11.2020 (I)][उद्योग प्रसार अधिकारी-22.8.2018]
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) 15.9.2019]
[CET (10+2) : 22.10.2024 (S-II)]

(1) 10.41% (2) 11.11% (3) 5.6% (4) 10%

**Ans.** (1)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या - देश के क्षेत्रफल का प्रतिशत/भाग राज्य में - 10.41 प्रतिशत ( 1/10 भाग ) है।*

❒ राजस्थान का क्षेत्रफल निम्नलिखित यूरोपीय देशों में से किनके क्षेत्रफल के लगभग बराबर है?

[II Grade GK (संस्कृत शिक्षा) -19.02.2019]

1. नार्वे 2. बेल्जियम 3. स्विट्जरलैण्ड 4. पोलैण्ड

कूट: (1) 1, 2, 4 (2) 1, 3 (3) 2, 4 (4) 1, 4

Ans. (4)

*व्याख्या -राजस्थान का क्षेत्रफल कांगो रिपब्लिक, जर्मनी, नार्वे, वियतनाम, फिनलैण्ड, पोलैण्ड एवं जापान के बराबर, ब्रिटेन एवं न्यूजीलैण्ड से 2 गुना, श्रीलंका से 5 गुणा तथा इजरायल से 17 गुणा बड़ा है।*

❒ क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्य का सबसे बड़ा जिला है?

[बी.एस.टी.सी. 2008 ][राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-6.11.2020 (II), 2007(I)]

[राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-15.05.2022 (I), 13.06.2024 (I)]

(1) बाड़मेर (2) जैसलमेर (3) बीकानेर (4) भीलवाड़ा

Ans. (2)

*व्याख्या -क्षेत्रफल के आधार पर राजस्थान का सबसे बड़ा तथा भारत का तीसरा [प्रथम- कच्छ ( 45,674 वर्ग किमी. ), गुजरात, द्वितीय-लेह ( 45,110 वर्ग किमी. ), लद्दाख] सबसे बड़ा जिला **जैसलमेर** है। जैसलमेर की नोख उप-तहसील को फलौदी जिले में शामिल किये जाने के उपरान्त जैसलमेर का क्षेत्रफल राजस्थान के क्षेत्रफल का लगभग 11 प्रतिशत रह गया।*

❒ प्रतापगढ़ जिले का क्षेत्रफल कितना है-

[जेल प्रहरी परीक्षा 20-10-2018, Shift -I]

(1) 4000-5000 वर्ग किमी.(2) 4500-5500 वर्ग किमी.
(3) 5000-6000 वर्ग किमी(4) 5500-6500 वर्ग किमी.

Ans. (1) *प्रतापगढ़ का क्षेत्रफल - 4449 वर्ग किमी.*

❒ राजस्थान राज्य की स्थिति एवं विस्तार के सम्बन्ध में सही कथन नहीं है?[Librarian Garde-III - 13.11.2016]

(1) राज्य का उत्तर-दक्षिण एवं पूर्व-पश्चिम विस्तार क्रमश: 869 किलोमीटर तथा 826 किलोमीटर है।
(2) राज्य की आकृति विषमकोण चतुर्भुज के समान है।
(3) राज्य की अन्तर्राष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्यीय सीमाओं की लम्बाई क्रमश: 1070 किमी. तथा 4850 किमी. है।
(4) राज्य का भौगोलिक क्षेत्र भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41 प्रतिशत के बराबर है।

Ans. (1)

*व्याख्या - राज्य का उत्तर-दक्षिण एवं पूर्व-पश्चिम विस्तार क्रमश: 826 किलोमीटर तथा 869 किलोमीटर है। राजस्थान की लम्बाई-चौड़ाई में 43 किमी. का अन्तर है। राजस्थान के उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व तक के विकर्ण की लम्बाई 850 किमी. है जबकि राजस्थान के दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व तक के विकर्ण की लम्बाई 784 किमी. है।*

❒ राजस्थान का उत्तर से दक्षिण एवं पूर्व से पश्चिम विस्तार क्रमशः है-[II Grade (Sans. Deptt.) -17.2.2019]

(1) 852 और 878 किमी. (2) 915 और 842 किमी.
(3) 826 और 869 किमी. (4) 834 और 887 किमी.

Ans. (3) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान के उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम विस्तार में अन्तर है-[JEN (Electric) Degree - 18.05.2022]

[I Grade (GK) -11.10.2022][III Grade (SST) -26.02.2023]

[I Grade (Sans. Dept.)-17.11.2024]

(1) 41 किमी.(2) 42 किमी.(3) 40 किमी.(4) 43 किमी.

Ans. (4) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान राज्य की उत्तर से दक्षिण लंबाई कितने किलोमीटर है?[JEN-06.12.2020][वनपाल-06.11.2022(I)]

[क. वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) 21.9.2019, (प्रलेख) 22.9.2019]

[क.अनुदेशक (कोपा) 20.3.2019, (इलेक्ट्रीशियन) 24.3.2019]

(1) 826 (2) 869 (3) 896 (4) 862

Ans. (1) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ 'राजस्थान' की पूर्व से पश्चिम तक की चौड़ाई है -

[कनिष्ठ लेखाकार -11.02.2024]

(1) 869किमी.(2) 839किमी.(3) 896किमी.(4)890 किमी.

Ans. (1)*उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान के बारे में निम्नांकित कथनों में से कौनसा एक सही नहीं है? [Headmaster Exam - 02.09.2018]

(1)उत्तर-दक्षिण की अपेक्षा पूर्व-पश्चिम विस्तार अधिक है।
(2) उत्तर-दक्षिण की अपेक्षा पूर्व-पश्चिम विस्तार कम है।
(3) इसकी कुल स्थल सीमा 6000 किमी. से कम है।
(4) इसका अक्षांशीय विस्तार $7^0$ अक्षांश से अधिक नहीं है।

Ans. (2)* *विकल्प 2 और 4 सही उत्तर है।*


❒ राजस्थान की पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण चौड़ाई दर्शाने वाली दोनों रेखाएँ किस जिले में एक दूसरे को काटती हैं? [जेल प्रहरी - 28.10.2018]

(1) जयपुर (2) नागौर (3) अजमेर (4) पाली

Ans. (2)

Scanned with OKEN Scanner

**व्याख्या** -वर्तमान में सैटेलाइट से गगराना गाँव (मेड़ता तहसील, नागौर) मध्य गाँव घोषित किया गया है लेकिन राजस्थान लोक सेवा आयोग अभी भी लाम्पोलाई (नागौर) को ही मानती है।



❒ राजस्थान के निम्न जिलों को पूर्व से पश्चिम की ओर सही क्रम से व्यवस्थित करें-[RAS 28.08.2016]
**1. बूँदी, 2. अजमेर, 3. उदयपुर, 4. नागौर**
(1) 1, 3, 2, 4 (2) 1, 2, 4, 3.
(3) 2, 1, 3, 4 (4) 1, 2, 3, 4
**Ans.** (2) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ श्रीगंगानगर शहर श्रीगंगानगर जिला क्षेत्र के किस भाग में स्थित है-[जेल प्रहरी परीक्षा 20-10-2018, Shift -II]
(1) उत्तर (2) पूर्व (3) मध्य (4) दक्षिण
**Ans.** (1) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्न जिलों को पूर्व से पश्चिम दिशा अनुसार सुव्यवस्थित कीजिए। [प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा) -12.3.2021]
**1. करौली 2. अजमेर 3. जोधपुर 4. सवाई माधोपुर**
(1) 2,1,4,3 (2) 1,4,2,3 (3) 3,1,2,4 (4) 1,2,3,4
**Ans.** (2) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्न जिलों को पूर्व से पश्चिम की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें-[JEN (विद्युत) डिप्लोमा -29.11.2020]
[Lab Assistent (Science) -29.06.2022]
**1. बूँदी, 2. अजमेर, 3. पाली, 4. बाड़मेर**
(1) 1, 2, 3, 4 (2) 2, 1, 3, 4
(3) 1, 2, 4, 3 (4) 1, 3, 2, 4
**Ans.** (1) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्न में से कौनसा क्षेत्र राजस्थान के सबसे दक्षिणी भाग में स्थित है- [पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)]
(1) अजमेर (2) राजसमंद (3) चुरू (4) बाँसवाड़ा
**Ans.** (4) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान के जिलों को पूर्व से पश्चिम की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें-[वनरक्षक-12.12.2022(S-I)]
**1. जैसलमेर 2. पाली 3. अजमेर 4. धौलपुर**
(1) 1,2,3,4 (2) 1,3,2,4 (3) 4,3,2,1 (4) 4,2,3,1
**Ans.** (3) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान के जिलों को उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें -[CET : 08.01.2023 (S-II)]
**(i) श्रीगंगानगर (ii) जालौर(iii) जोधपुर(iv) बीकानेर**
कूट-(1) (ii), (i), (iii), (iv) (2) (i), (ii), (iii), (iv)
(3) (i), (iv), (iii), (ii) (4) (ii), (iv), (iii), (i)
**Ans.** (3) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ रामदेवरा, जैसलमेर जिला मुख्यालय से किस दिशा में स्थित है? [जेल प्रहरी परीक्षा 28-10-2018, Shift -III]
(1) उत्तर (2) दक्षिण (3) पश्चिम (4) पूर्व
**Ans.** (4)

*व्याख्या : राजस्थान के पश्चिम में स्थित जैसलमेर जिला मुख्यालय से रामदेवरा पूर्व दिशा में स्थित है।*

❒ राजस्थान के नक्शे पर निम्न में से कौनसा सुदूर दक्षिण में स्थित है-[कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर)- 26.03.2019]
(1) मेड़ता सिटी (2) सोजत
(3) मारवाड़ जंक्शन (4) राजसमन्द
**Ans.** (4)

*व्याख्या-राजस्थान में मेड़ता सिटी (नागौर), सोजत (पाली), मारवाड़ जंक्शन (पाली) से सुदूर दक्षिण में सबसे कम अक्षांशीय स्थिति (24°46'-26°01') राजसमन्द की है।*

❒ निम्नलिखित में अधिकतम भौगोलिक दूरी वाला समूह कौनसा है? [जेल प्रहरी परीक्षा 21-10-2018, Shift -II]
(1) जयपुर-जोधपुर (2) जयपुर – कोटा
(3) जयपुर-बीकानेर (4) जयपुर-उदयपुर
**Ans.** (4)

*व्याख्या - जयपुर से कोटा 251 किमी., बीकानेर 334 किमी., जोधपुर 372 किमी. तथा उदयपुर 417 किमी. है।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ राज्य की कुल स्थलीय सीमा की लम्बाई है ?
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.06.2024 (II)][Motor Veh. SI 2002]
[क.वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) 21.9.2019, (विष) 14.9.2019]

(1) 5091 किमी. (2) 5920 किमी.
(3) 5290 किमी. (4) 5090 किमी.

**Ans. (2)**

*व्याख्या* - • राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा 5,920 किलोमीटर है, जो 28 जिले मिलकर बनाते हैं।
• राजस्थान की अन्तर्राज्यीय सीमा 4,850 किलोमीटर है, जो 25 जिले ( केवल अन्तर्राष्ट्रीय जिलों संख्या 3, केवल अन्तर्राज्यीय जिलों की संख्या 23 ) मिलकर बनाते हैं।

❑ राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा की लम्बाई है-
[Police Constable Exam-2007(III)][A. Jailor Exam, 2004]
[JEN (Diploma) - 21.08.2016] [लवण निरीक्षक-22.12.2019]
[वनरक्षक-11.12.2022(S-II)][आर्थिक अन्वेषक-25.3.2018]

(1) 1070 कि. मी. (2) 970 कि. मी.
(3) 1170 कि. मी. (4) 870 कि. मी.

**Ans. (1)**

*व्याख्या* - पाकिस्तान से लगने वाली अन्तर्राष्ट्रीय सीमा ( रेडक्लिफ रेखा ) की लम्बाई - 1070 किलोमीटर है। सर सिरिल रेडक्लिफ के नाम से इस सीमा का निर्धारण 17 अगस्त, 1947 को किया गया।

❑ पाकिस्तान के साथ राजस्थान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा को क्या कहा जाता है-[पु.कॉन्स्टेबल-13.6.24 (I)]

(1) डूरंड लाइन (2) मैकमोहन लाइन
(3) रेडक्लिफ लाइन (4) इनमें से कोई नहीं

**Ans.** (3) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्नलिखित में से कौनसी रेडक्लिफ रेखा के रूप में जानी जाती है? [वनपाल-06.11.2022(S-II)]

(1) भारत-नेपाल सीमा (2) भारत-पाकिस्तान सीमा
(3) भारत-अफगानिस्तान सीमा (4) भारत-म्यांमार सीमा

**Ans.** (2) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित जिलों का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम है- [R.A.S. Pre 1998]
[पशु परिचर-1.12.2024 (S II)][JEN (Civil) Diploma - 18.05.2022]
[Police Constable- 2013][JEN (Civil) Degree 12.9.2021]

(1) गंगानगर, बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर
(2) जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर, गंगानगर
(3) गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर
(4) बीकानेर, गंगानगर, जैसलमेर, बाड़मेर

**Ans. (3)***

*व्याख्या* - परीक्षा काल के समय राजस्थान के चार जिले अन्तर्राष्ट्रीय सीमा ( पाकिस्तान ) पर क्रमशः गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर एवं बाड़मेर उत्तर से दक्षिण की ओर स्थित थे।
• वर्तमान संदर्भ में राजस्थान के पाँच (5) जिले अन्तर्राष्ट्रीय सीमा ( पाकिस्तान ) पर क्रमशः गंगानगर, बीकानेर, फलौदी, जैसलमेर एवं बाड़मेर उत्तर से दक्षिण की ओर स्थित हैं।
• गंगानगर व बाड़मेर ऐसे 2 जिले हैं, जो अन्तर्राष्ट्रीय व अन्तर्राज्यीय सीमाएँ बनाते हैं, अतः केवल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाले जिलों की संख्या 3 ( बीकानेर, फलौदी एवं जैसलमेर ) है।

❑ राज्य के कौनसे जिले अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर दक्षिण से उत्तर की ओर स्थित हैं? [CET - 5.2.2023 (S-I)]

(1) गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर एवं बाड़मेर
(2) बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर एवं गंगानगर
(3) जालौर, जैसलमेर, बीकानेर एवं गंगानगर
(4) गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर एवं जालौर

**Ans.** (2) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्नलिखित में से किस जिले में अन्तर्राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सीमा दोनों हैं?[House Keeper -9.7.2022]

(1) हनुमानगढ़ (2) बाड़मेर (3) जालौर (4) बीकानेर

**Ans.** (2) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ रेडक्लिफ रेखा का राजस्थान में विस्तार है-
[प्रयोगशाला सहायक-03.02.2019]

(1) हिन्दुमलकोट (गंगानगर) से बाखासर(बाड़मेर) तक
(2) कोणागाँव (गंगानगर) से शाहगढ़ (जालौर) तक
(3) हिन्दुमलकोट (गंगानगर) से शाहगढ़ (जालौर) तक
(4) कोणागाँव (गंगानगर) से बाखासर (बाड़मेर) तक

**Ans. (1)**

*व्याख्या* - गंगानगर के हिन्दुमल कोट से लेकर बाड़मेर के भलगाँव ( बाखासर ) तक फैली हुई। इस अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर राजस्थान के 5 जिले ( गंगानगर, बीकानेर, फलौदी, जैसलमेर और बाड़मेर ) तथा पाकिस्तान के 9 जिले ( पंजाब प्रान्त के बहावलपुर, बहावलनगर, रहीमयारखान तथा सिंध प्रान्त के घोटकी, संघर, सुक्कुर, खैरपुर, उमरकोट, थारपारकर जिले ) स्थित हैं।

Scanned with OKEN Scanner

❐ राजस्थान के जिलों में किसकी सीमा पाकिस्तान से नहीं लगती है?[Lab Assistent (Geography)-30.06.2022] [बी.एस.टी.सी. -2008][III Grade (SST)-26.02.2023]
(1) श्रीगंगानगर (2) जोधपुर (3) जैसलमेर (4) बाड़मेर
Ans. (2) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❐ इनमें से राजस्थान के किस जिले की सीमा पाकिस्तान से नहीं मिलती है? [Police Constable Ex-2007(I)]
(1) बाड़मेर (2) बीकानेर (3) गंगानगर (4) हनुमानगढ़
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❐ राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चार जिले (जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर व गंगानगर) स्थित हैं, इनमें से सर्वाधिक लम्बी सीमा किस जिले की है? [वनरक्षक - 2013] [JEN (विद्युत) डिग्री-29.11.2020] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-13.06.2024 (II)]
(1) बाड़मेर (2) जैसलमेर (3) बीकानेर (4) गंगानगर
Ans. (2)

*व्याख्या* –जैसलमेर जिले के साथ सर्वाधिक (464 किमी.), बाड़मेर (228 किमी.), बीकानेर, गंगानगर, फलौदी (सबसे कम लगभग 30 किमी. मालासर- रायचंदवाला गाँव की सीमा) अन्तर्राष्ट्रीय सीमा लगी हुई है।

❐ राजस्थान का कौनसा जिला अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट नहीं है- [कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) - 20.03.2019]
(1) हनुमानगढ़ (2) गंगानगर (3) बाड़मेर (4) बीकानेर
Ans. (1) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❐ निम्न में से राजस्थान का कौनसा शहर पाकिस्तानी सीमा के निकट है ? [R.A.S. Pre Exam, 2003] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.06.2024 (II)]
(1) बीकानेर (2) जैसलमेर (3) गंगानगर (4) हनुमानगढ़
Ans. (3)

*व्याख्या*-पाकिस्तानी सीमा के सर्वाधिक निकट शहर अनूपगढ़ व जिला मुख्यालय गंगानगर एवं दूर शहर बीकानेर।

❐ निम्न में से कौनसा जिला मुख्यालय राजस्थान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा से भौगोलिक रूप से सबसे दूर स्थित है? [जेल प्रहरी परीक्षा 21-10-2018, Shift -III]
(1) गंगानगर (2) बीकानेर (3) जैसलमेर (4) बाड़मेर
Ans. (2)

*व्याख्या* : • अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा पर सर्वाधिक दूर जिला मुख्यालय-बीकानेर • अन्तर्राष्ट्रीय रेखा से स्पर्श नहीं करने वाला सर्वाधिक दूर जिला मुख्यालय - धौलपुर

❐ राजस्थान राज्य के कौनसे जिले की सीमा रेखा गुजरात के साथ सबसे कम लगती है?[पटवार- 2008]
(1) बाँसवाड़ा (2) सिरोही (3) बाड़मेर (4) प्रतापगढ़
Ans. (3)

*व्याख्या* - बाड़मेर जिले की सीमा गुजरात राज्य के साथ सबसे कम (14 किमी.) लगती है।

❐ राजस्थान राज्य की सर्वाधिक लम्बी सीमा किस राज्य के साथ है?[P.S.I. -2011] [II Grade (Urdu) - 2011]
(1) उत्तरप्रदेश (2) पंजाब (3) हरियाणा (4) मध्य प्रदेश
Ans. (4)

*व्याख्या* - राजस्थान की सबसे लम्बी अंतर्राज्यीय सीमा मध्य प्रदेश के साथ (1600 किमी.) लगती है। राजस्थान की सर्वाधिक अंतर्राज्यीय सीमा वाला जिला झालावाड़ (520 किमी.) तथा न्यूनतम अंतर्राज्यीय सीमा वाला जिला बाड़मेर (14 किमी.) है। राजस्थान के मध्यप्रदेश के साथ लगने वाले 10 जिलों में सर्वाधिक सीमा झालावाड़ तथा न्यूनतम भीलवाड़ा (16 किमी.) से लगती है।

❐ निम्न में से राजस्थान के किस जिले की सीमा मध्यप्रदेश से संयुक्त है?[द्वितीय श्रेणी अध्यापक-26.4.2017]
(1) भरतपुर (2) डूँगरपुर (3) सिरोही (4) झालावाड़
Ans. (4) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❐ जिस राज्य के साथ राजस्थान की सबसे छोटी अन्तरराज्यीय सीमा है, वह है? [R.A.S. Pre Ex. 1999] [कारापाल परीक्षा, 2012]
(1) गुजरात (2) मध्यप्रदेश (3) हरियाणा (4) पंजाब
Ans. (4)

*व्याख्या* - राजस्थान की सबसे छोटी अंतर्राज्यीय सीमा (सर्वाधिक-गंगानगर एवं न्यूनतम - हनुमानगढ़) पंजाब के साथ (89 किमी.) लगती है।

❐ राजस्थान के जिस जिले की सीमा अन्तर्राज्यीय व अन्तर्राष्ट्रीय दोनों है, वह है? [A. Jailor Exam, 2004]
(1) जैसलमेर (2) गंगानगर (3) बीकानेर (4) झालावाड़
Ans. (2)

*व्याख्या* - राजस्थान का गंगानगर एवं बाड़मेर जिला अन्तर्राज्यीय व अन्तर्राष्ट्रीय सीमा बनाते है। गंगानगर जिले की सीमा पाकिस्तान (अन्तरराष्ट्रीय) एवं पंजाब (अन्तर्राज्यीय) राज्य दोनों से मिलती है।

Scanned with OKEN Scanner

❒ **राजस्थान का वह जिला जिसकी सीमा गुजरात व पाकिस्तान से मिलती है?** [III Grade Teacher -2006]
(1) बाड़मेर (2) जालोर (3) जैसलमेर (4) सिरोही
**Ans. (1)**

*व्याख्या - बाड़मेर ( किरात कूप, शिवकूप एवं मेलोफ्थ - बाड़मेर के प्राचीन नाम ) ऐसा जिला है जिसकी सीमा पाकिस्तान से ( अन्तरराष्ट्रीय ) एवं गुजरात से ( अन्तर्राज्यीय ) सीमा मिलती है।*

❒ **निम्न में से राजस्थान के किन जिलों की सीमा रेखा गुजरात से मिलती है?** [II Grade Teacher -28.10.2018]
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम) 15.9.2019]
(1) सिरोही (2) डूँगरपुर (3) प्रतापगढ़ (4) बाँसवाड़ा
(1) 1,2,3,4 (2) 1,2,3 (3) 1,2,4 (4) 1,4
**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान के जिस जिले से अधिकतम जिलों की सीमाएँ स्पर्श करती हैं, वह है-** [I Grade T. 17-07-2016]
(1) पाली (2) अजमेर (3) भीलवाड़ा (4) नागौर
**Ans. (1)***

***व्याख्या** - परीक्षाकाल में पाली जिले के साथ अधिकतम 8 जिलों की सीमा लगती थी।*
- *वर्तमान में चित्तौडगढ, पाली, नागौर व जयपुर के साथ अधिकतम 7 जिलों की सीमाएँ लगती हैं।*
- *अजमेर, जोधपुर, टोंक, भीलवाड़ा के साथ 6-6 जिलों की सीमाएँ लगती हैं।*

❒ **राजस्थान व..की सीमा पर 'भवानीमण्डी' रेल्वे स्टेशन स्थित है-** [कनिष्ठ अनुदेशक (इलेक्ट्रीशियन)-24.3.2019]
(1) पंजाब (2) मध्यप्रदेश (3) हरियाणा (4) उत्तरप्रदेश
**Ans.** (2) *झालावाड़ ( राजस्थान ) - मंदसौर ( मध्यप्रदेश )*

❒ **राजस्थान के उन जिलों के नाम बताइये जिनकी सीमा भारत के किसी भी राज्य व अन्य देश से नहीं लगती है?** [वनरक्षक परीक्षा - 2013]
(1) जयपुर, भरतपुर, जैसलमेर, दौसा, नागौर, टोंक, बाँसवाड़ा , राजसमंद व अजमेर
(2) जोधपुर, पाली, दौसा, नागौर, टोंक, बूँदी, राजसमंद व अजमेर
(3) उदयपुर, जोधपुर, पाली, श्रीगंगानगर, नागौर, टोंक, बूँदी, बीकानेर व अजमेर
(4) सीकर, झुँझुनूँ, पाली, दौसा, डूँगरपुर, टोंक, बूँदी, राजसमंद व अजमेर
**Ans. (2)**

***व्याख्या**- परीक्षा काल में राजस्थान के अन्तर्वर्ती जिलों की संख्या 8 थी।*
- *वर्तमान में राजस्थान के अन्तर्वर्ती जिलों की संख्या 13 हो गई है, जो राज्य अथवा अन्य देश की सीमा नहीं बनाते है-नागौर, डीडवाना-कुचामन, बालोतरा, जोधपुर, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, पाली, राजसमन्द, टोंक, दौसा, सलूम्बर, बूँदी है। अर्थात् बहिर्वर्ती जिलों की संख्या 28 है।*

❒ **निम्नलिखित में से वह कौनसा जिला है जो राजस्थान की किसी भी राज्य व अन्य देश के साथ सीमा रेखा नहीं बनाता?** [वनरक्षक परीक्षा - 2013]
(1) बाड़मेर (2) बीकानेर (3) जैसलमेर (4) जोधपुर
**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान के वे जिले जिनकी राजनीतिक सीमा भारत की किसी अन्तर्राज्यीय या अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से नहीं लगती-** [Librarian Garde-III - 13.11.2016]
(1) प्रतापगढ़, दौसा, टोंक, बाँसवाड़ा, राजसमन्द
(2) पाली, जयपुर, नागौर, धौलपुर, अजमेर
(3) बूँदी, दौसा, राजसमन्द, पाली, जोधपुर
(4) करौली, भीलवाड़ा, दौसा, नागौर, टोंक
**Ans.** (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्न में से किस जिले की सीमा रेखा किसी अन्य राज्य की सीमा रेखा को नहीं छूती है?**
[IInd Grade Spc. Edu. 2017][जेल प्रहरी-27-10-2018, S-I]
(1) डूँगरपुर (2) भीलवाड़ा (3) झुन्झुनूँ (4) बूँदी
**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्नलिखित में से किस राज्य की सीमा राजस्थान के साथ साझा नहीं है?** [पशुधन सहायक 04.6.2022]
[राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-8.11.2020 (I)]
(1) पंजाब (2) उत्तरप्रदेश (3) हरियाणा (4) दिल्ली
**Ans.** (4)*व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्नलिखित में से कौनसा जिला अपनी सीमा पाकिस्तान के साथ साझा 'नहीं' करता है-**
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-06.11.2020 (II)]
(1) कोटा (2) जयपुर (3) अजमेर (4) बाड़मेर
**Ans. (*)**

***व्याख्या** - विकल्पों में दिये गये कोटा, अजमेर और जयपुर की सीमाएँ पाकिस्तान के साथ साझा नहीं करती है।*

Scanned with OKEN Scanner


❑ राजस्थान का वह जिला जिसका भौगोलिक एवं सामाजिक वातावरण/पर्यावरण तथा राजनैतिक सीमा उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश से मिलती है, वह है-
[E.O. Exam, 2007] [II Grade (Urdu) Exam. 2011]
[HM - 02.09.2018][राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.06.2024 (I)]
(1) करौली (2) धौलपुर (3) भरतपुर (4) सवाईमाधोपुर
**Ans. (2)**

***व्याख्या*** *- राज्य के चार जिलों हनुमानगढ़, डीग, धौलपुर एवं बाँसवाड़ा की अन्तर्राज्यीय सीमा दो-दो सीमावर्ती राज्यों से लगती है-*
- *हनुमानगढ़ की पंजाब और हरियाणा से*
- *डीग की उत्तरप्रदेश और हरियाणा से*
- *धौलपुर की उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश से*
- *बाँसवाड़ा की मध्यप्रदेश और गुजरात से*

❑ राजस्थान का सबसे पूर्वी जिला है? [A. Jailor- 2004]
(1) भरतपुर (2) धौलपुर (3) अलवर (4) दौसा
**Ans. (2)**

***व्याख्या*** *- राज्य की उत्तर से दक्षिण तक लम्बाई 826 किमी. तथा विस्तार **कोणा गाँव** (गंगानगर) से दक्षिण में **बोरकुंड** गाँव (कुशलगढ़, बाँसवाडा) तक है। पूर्व से पश्चिम तक चौड़ाई 869 किमी. तथा विस्तार पश्चिम में **कटरा** गाँव (सम, जैसलमेर) से पूर्व में **जगमोहनपुरा की ढाणी, सिलावट** गाँव (राजाखेड़ा, धौलपुर) तक है।*

❑ मानचित्र में उन गाँवों की स्थिति को दर्शाया गया है जहाँ से राजस्थान का उत्तर-दक्षिण व पूर्व-पश्चिम विस्तार नापा जाता है। ये स्थितियाँ (i), (ii), (iii) और (iv) से अंकित की गई हैं। नीचे दी गई क्रमावली का सही अनुक्रम पहचानिए- [Patwar Main 24.12.16]




(1) सिलाँन, कोणा, कटरा, बोरकुंड
(2) बोरकुंड, सिलाँन, कटरा, कोणा
(3) कटरा, कोणा, बोरकुंड, सिलाँन
(4) कोणा, कटरा, सिलाँन, बोरकुंड
**Ans. (1)** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*



❑ निम्नलिखित में से कौनसी तहसील राजस्थान के दक्षिणतम भाग में स्थित है-
[JEN (यांत्रिकी/विद्युत) डिग्री -26.12.2020]
(1) कुशलगढ़ (2) घाटोल (3) बागीदोरा (4) गढ़ी
**Ans. (1)** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ बाराँ जिले की सीमा राजस्थान के कितने जिलों से लगती है? [जेल प्रहरी परीक्षा 27-10-2018, Shift -II]
(1) 3 (2) 2 (3) 5 (4) 4
**Ans. (2)**

***व्याख्या*** *- बाराँ जिले की सीमा कोटा एवं झालावाड़ जिलों से लगती है।*

❑ सवाई माधोपुर जिले की सीमा राजस्थान के किस जिले से नहीं लगती है? [जेल प्रहरी-28-10-2018, S -II]
(1) धौलपुर (2) दौसा (3) कोटा (4) टोंक
**Ans. (1)**

***व्याख्या*** *-धौलपुर की सीमा लगती है-भरतपुर एवं करौली*

❑ कर्क रेखा राजस्थान के किन जिलों से होकर गुजरती है? [II Grade (English & Maths) Exam. 2011]
[JEN (Agri.) 10.09.2022][JEN (Diploma)- 21.08.2016]
[पशु परिचर-3.12.2024 (S-I)][जेल प्रहरी 20-10-2018, S -II]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-13.06.2024 (II)]
(1) बारां व झालावाड़ (2) बाड़मेर व चूरू
(3) बाँसवाड़ा व डूँगरपुर (4) बूँदी व भीलवाड़ा
**Ans. (3)**

***व्याख्या*** *-कर्क रेखा राजस्थान के दक्षिणी सिरे डूँगरपुर (चिकली गाँव) और बाँसवाड़ा (कुशलगढ़) में से होकर गुजरती है। राजस्थान में कर्क रेखा के सर्वाधिक निकट स्थित शहर बाँसवाड़ा में कर्क रेखा की सर्वाधिक लम्बाई है।*

❑ कर्क रेखा राज्य के किस जिले से होकर गुजरती है? [Police Constable-2005][II Grade GK - 21.12.2022]
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) 14.9.2019]
[JEN (Mech.) Degree (TSP) - 16.10.2016]
[CET -4.2.2023 (S-I)][Lab Assistent (Home Sci.) -30.06.2022]
(1)झालावाड़ (2) चित्तौड़गढ़ (3) बाँसवाड़ा (4) उदयपुर
**Ans. (3)** ***व्याख्या*** *- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ कर्क रेखा किस जिले से गुजरती है?
[महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) - 29.11.2015]
(1) उदयपुर (2) अलवर (3) डूँगरपुर (4) टोंक
**Ans. (3)** ***व्याख्या*** *- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ 'कर्क रेखा' राजस्थान के किस भाग से गुजरती है? [कर सहायक परीक्षा-14.10.2018]

(1) उत्तर (2) दक्षिण (3) मध्य (4) पूर्वी

Ans. (2) व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान के दक्षिण में होकर गुजरती है? [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) - 29.11.2015] [JEN (यांत्रिकी) डिप्लोमा -13.12.2020]

(1) विषुवत रेखा (2) मकर रेखा
(3) कर्क रेखा (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (3) व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान के जिस जिले में सूर्य किरणों का तिरछापन सर्वाधिक होता है वह जिला है? [III Grade - 2006]

(1)बाँसवाड़ा (2) जैसलमेर(3) श्रीगंगानगर (4) धौलपुर

Ans. (3)

*व्याख्या - सूर्य की किरणें कर्क रेखा पर सीधी पड़ती हैं। इससे जिस जिले की दूरी अधिक होगी उस पर किरणें सर्वाधिक तिरछी होंगी। अत: सूर्य की किरणें बाँसवाड़ा जिले में सीधी एवं गंगानगर में तिरछी पड़ती है।*

❑ 21 जून, को सूर्य राजस्थान के किस जिले में लम्बवत् चमकता है? [A. Jailor, 2004] [JEN (Electric) Diploma- 18.05.2022] [III Grade (Maths-Science) -25.02.2023]

(1) गंगानगर (2) अजमेर (3) बाँसवाड़ा (4) जोधपुर

Ans. (3)

*व्याख्या - सर्वाधिक वर्षा वाला दूसरा जिला बाँसवाड़ा में सूर्य की सबसे सीधी किरणें पड़ती है।*

❑ किस जिले में सूर्य की किरणे सबसे पहले निकलती है- [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (TSP) - 20.12.2015]

(1) भरतपुर (2) धौलपुर (3) कोटा (4) झालावाड़

Ans. (2)

*व्याख्या - सर्वप्रथम सूर्योदय धौलपुर में होता है क्योंकि धौलपुर राजस्थान का सबसे पूर्वी जिला है और सबसे बाद में सूर्योदय जैसलमेर में होता है क्योंकि यह राजस्थान का सबसे पश्चिमी जिला है। राजस्थान में पूर्व से पश्चिम में सूर्योदय होने में 35 मिनट 8 सैकण्ड का अन्तर है।*

❑ राजस्थान का किस राज्य के साथ सीमा-विवाद चल रहा है- [पटवार- 2011]

(1) मध्यप्रदेश (2) उत्तरप्रदेश (3) गुजरात (4) पंजाब

Ans. (3)

*व्याख्या - उदयपुर संभाग के मांडवा क्षेत्र के झाँझर तथा गुजरात के बीच 200 बीघा का विवाद राज्यों में पुनर्गठन के समय से है।*

❑ उत्तर-दक्षिण विस्तार जिस जिले का है, वह है : [R.A.S., 2010] [जेल प्रहरी परीक्षा 20-10-2018, Shift -III] [राजस्थान पुलिस कान्स्टेबल-13.06.2024 (II)]

(1)झालावाड़ (2) भीलवाड़ा
(3) चित्तौड़गढ़ (4) झुंझुनूँ

Ans. (3)

*व्याख्या - उपर्युक्त विकल्पों के जिलों में उत्तर-दक्षिण विस्तार चित्तौड़गढ़ जिले का सर्वाधिक है।*

❑ कौनसा युग्म सही है? [प्रयोगशाला सहायक 13.11.16] [द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा-2014]

| राजस्थान की स्थिति | कुल भौगोलिक क्षेत्र वर्ग किलोमीटर में |
|---|---|
| (1) 23°3' - 30°12' N और 69°30' - 78°17' E | 342239.74 |
| (2) 20°30' - 30°13' N और 69°30' - 78°21' E | 342245.69 |
| (3) 23°25' - 30°12' N और 69°29' - 78°25' E | 342241.33 |
| (4) 23°28' - 30°14' N और 69°21' - 78°24' E | 342243.67 |

Ans. (1)

*व्याख्या - विस्तार : राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार - 23°3' उ. अक्षांश से 30°12' उत्तरी अक्षांश तथा देशान्तरीय विस्तार - 69°30' पू. देशान्तर से 78°17' पूर्वी देशान्तर है।*

❑ राजस्थान राज्य का अक्षांशीय विस्तार है? [JEN - 21.08.2016] [A.Jailor-2004] [Lab Assistent (Science) -29.06.2022] [CET -4.2.2023 (S- II)] [II Grade Teacher -28.10.2018] [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) 15.9.2019]

(1) 23°3' दक्षिण से 30° 12' दक्षिण
(2) 23° 3' उत्तर से 30° 12' उत्तर
(3) 23°3' उत्तर से 30° 12' दक्षिण
(4) 30°12' उत्तर से 23° 3' दक्षिण

Ans. (2) व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned with OKEN Scanner

❒ राजस्थान का देशान्तर विस्तार है- [PTI -30.09.2018] [प्रयोगशाला सहायक-03.02.2019]
(1) 69°30' पूर्वी से 78°17' पूर्वी
(2) 69°30' पूर्वी से 78°17' पश्चिमी
(3) 69°30' पश्चिमी से 78°17' पूर्वी
(4) 69°30' पश्चिमी से 78°17' पश्चिमी
Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान राज्य का पूर्व-पश्चिम व उत्तर-दक्षिण देशान्तरीय तथा अक्षांशीय विस्तार है :[पटवार- 2008]
(1) 7° 09' तथा 7° 47' (2) 8° 47' तथा 7° 09'
(3) 7° 47' तथा 8° 09' (4) 8° 09' तथा 8° 47'
Ans. (2)

> ***व्याख्या** - राजस्थान की कुल ग्लोबीय स्थिति 7°9' अक्षांशीय विस्तार (23°3' उत्तरी अक्षांश से 30°12' उत्तरी अक्षांश) तथा 8°47' देशान्तरीय विस्तार (69°30' पूर्वी देशांतर से 78°17' पूर्वी देशान्तर) है। ज्ञातव्य है कि राजस्थान की मध्यवर्ती अक्षांश रेखा 27° उत्तरी अक्षांश (जयपुर शहर के निकट) तथा मध्यवर्ती देशान्तर रेखा 74° पूर्वी देशान्तर है।*

❒ कौनसा जिला मुख्यालय शहर 70° पूर्व देशान्तर एवं 74° पूर्व देशान्तर के मध्य स्थित नहीं है? [जेल प्रहरी परीक्षा 27-10-2018, Shift -II]
(1) डूँगरपुर (2) उदयपुर (3) जालौर . (4) हनुमानगढ़
Ans. (4)

> ***व्याख्या** -हनुमानगढ़ का उत्तरी अक्षांश 28°45'–30°06' एवं पूर्वी देशान्तर 73°50'–75°28'*

❒ राजस्थान के किन दो जिला मुख्यालयों का अक्षांश मान समान है [जेल प्रहरी परीक्षा 20-10-2018, Shift -II]
(1) पाली-सवाईमाधोपुर (2) पाली-भीलवाड़ा
(3) उदयपुर-सिरोही (4) पाली-बाड़मेर
Ans. (4)

> ***व्याख्या** - • पाली का उत्तरी अक्षांश 24°47'–26°20' एवं पूर्वी देशान्तर 72°48'–74°20'*
> *• बाड़मेर का उत्तरी अक्षांश 24°50'–26°32' एवं पूर्वी देशान्तर 70°05'–72°52'*

❒ कोटा की देशान्तरीय स्थिति है? [जेल प्रहरी-2017]
(1) 73°–75° देशान्तर पूर्व (2) 75°–77° देशान्तर पूर्व
(3) 72°–74° देशान्तर पूर्व (4) 70°–72° देशान्तर पूर्व
Ans. (2)

> ***व्याख्या** -कोटा का उत्तरी अक्षांश 24°26'–25°51' एवं पूर्वी देशान्तर 75°37'–77°29'*

❒ सुमेलित कीजिए-[बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक -18.06.2022]

| जिला | अक्षांश/देशान्तर |
|---|---|
| (A) बाँसवाड़ा | (I) 30°12' उत्तर |
| (B) जैसलमेर | (II) 69°30' पूर्व |
| (C) धौलपुर | (III) 23°3' उत्तर |
| (D) गंगानगर | (IV) 78°17' पूर्व |

कूट-(1) A-III, B- II, C- I, D- IV
(2) A- III, B-II, C-IV, D-I
(3) A-II, B-III, C-IV, D-I
(4) A-I, B-II, C-IV, D-III
Ans. (2)

> ***व्याख्या** - • गंगानगर का उत्तरी अक्षांश 28°40'–30°12' एवं पूर्वी देशान्तर 71°50'–74°15'*
> *• बाँसवाड़ा का उत्तरी अक्षांश 23°03'–26°56' एवं पूर्वी देशान्तर 73°50'–74°47'*
> *• जैसलमेर का उत्तरी अक्षांश 26°01'–28°02' एवं पूर्वी देशान्तर 69°30'–72°15'*
> *• धौलपुर का उत्तरी अक्षांश 26°38'–26°58' एवं पूर्वी देशान्तर 77°13'–78°17'*

❒ 23½° उत्तरी अक्षांश तथा 70° पूर्वी देशान्तर रेखाएँ राजस्थान के निम्नलिखित में से क्रमशः किन जिलों से होकर गुजरती हैं?[Librarian Garde-III - 13.11.2016]
(1) बाँसवाड़ा व जैसलमेर (2) डूँगरपुर व नागौर
(3) बाँसवाड़ा व डूँगरपुर (4) डूँगरपुर व धौलपुर
Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ जिस जिले से 70° पूर्वी देशान्तर रेखा गुजरती है, वह है : [JEN (Agri.) 10.09.2022] [R.A.S. -2010] [जेल प्रहरी 20-10-2018, Shift -I]
(1) जोधपुर (2) जैसलमेर (3) धौलपुर (4) नागौर
Ans. (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ भारतीय मानक समय 6 : 15 सायं पर घाटोल, जो कि 23° 45' उ. अक्षांश व 74° 25' पू. देशान्तर पर स्थित है, में स्थानीय समय क्या होगा?[पटवार-2008]
(1) 6 : 42 : 40 सायं (2) 6 : 24 : 42 सायं
(3) 5 : 42 : 40 सायं (4) 5 : 24 : 42 सायं
Ans. (3)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या* - *$82\frac{1}{2}°$ ( भारतीय मानक समय ) पर समय - 6.15 सायं, तो 74°25' पूर्व देशांतर पर समय होगा?*
*देशांतरों का अन्तर $82\frac{1}{2}° - 74°25' = 8°5'$*
*4' से गुणा करने पर - $8°5' \times 4' = 32'20''$*
*6.15 – 32'20'' = 5.42.40 सायं*

❑ **राजस्थान राज्य की सीमा को स्पर्श करने वाले भारतीय राज्यों की संख्या है?** [वनपाल-6.11.2022(S-I)] [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-2014] [पशुधन सहायक - 21.10.2018] [पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)][क.वैज्ञानिक सहा. (विष) 14.9.2019]
(1) 3 (2) 5 (3) 6 (4) 8
Ans. (2)

*व्याख्या-राजस्थान की राज्य सीमा पर पाँच राज्य मध्यप्रदेश ( 1600 किमी. ), हरियाणा ( 1262 किमी. ), गुजरात ( 1022 किमी. ), उत्तर प्रदेश ( 877 किमी. ) एवं पंजाब ( 89 किमी. ) स्थित है।*

❑ **कौनसा राज्य राजस्थान के साथ अपनी सीमा को साझा करता?** [पशु परिचर-2.12.2024 (S-II)]
(1) गुजरात (2) उत्तराखण्ड (3) छत्तीसगढ़ (4) हिमाचल
Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **कौनसा राज्य राजस्थान के साथ सीमा को साझा नहीं करता?**[पशु परिचर–2.12.2024 (S-I),1.12.2024 (S-I)]
(1) हरियाणा (2) उत्तरप्रदेश (3) महाराष्ट्र (4) पंजाब
Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्नलिखित में से कौनसा जिला राजस्थान-मध्यप्रदेश सीमा पर स्थित नहीं है?** [III Grade Teacher 2009]
(1) बाँसवाड़ा (2) प्रतापगढ़ (3) उदयपुर (4) झालावाड़
Ans. (3) *व्याख्या - निम्नांकित सारणी में देखें।*

❑ **निम्न में से राजस्थान के कौनसे जिलों की सीमा मध्यप्रदेश से नहीं लगती है-** [HM-11.10.2021]
(1) झालावाड़, प्रतापगढ़ (2) भीलवाड़ा, बाँसवाड़ा
(3) करौली, कोटा (4) डूँगरपुर, भरतपुर
Ans. (4) *व्याख्या - निम्नांकित सारणी में देखें।*

❑ **राजस्थान में कौनसा जिला उत्तरप्रदेश राज्य की सीमा से लगा हुआ है?** [जेल प्रहरी परीक्षा-2017]
(1) धौलपुर (2) दौसा (3) भरतपुर (4) भरतपुर व धौलपुर
Ans. (4) *व्याख्या - निम्नांकित सारणी में देखें।*

❑ **निम्न में से जिस जिले की सीमा गुजरात से स्पर्श नहीं करती है, वह है-**[द्वितीय श्रेणी अध्यापक-01.05.2017]
(1) प्रतापगढ़ (2) सिरोही (3) बाड़मेर (4) डूँगरपुर
Ans. (1) *व्याख्या - निम्नांकित सारणी में देखें।*

❑ **राजस्थान का कौनसा क्षेत्र गुजरात राज्य के साथ अपनी सीमा साझा करता है?**[पशु परिचर-3.12.2024 (I)]
(1) चित्तौड़गढ़ (2) पाली (3) उदयपुर (4) नागौर
Ans. (3) *व्याख्या - निम्नांकित सारणी में देखें।*

❑ **राजस्थान का कौनसा क्षेत्र अपनी सीमा अन्य राज्य के साथ साझा करता है?** [पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)]
(1) पाली (2) नागौर (3) प्रतापगढ़ (4) अजमेर
Ans. (3) *व्याख्या - निम्नांकित सारणी में देखें।*

**राजस्थान की सीमाओं पर स्थित जिले व उनकी संख्या**

| दिशा | राजस्थान के जिले | संख्या | पड़ौसी राज्य/देश ( जिले ) | संख्या |
|---|---|---|---|---|
| उत्तरी (89 किमी.) | गंगानगर (H), हनुमानगढ़ (L) | 2 | **पंजाब** (फाजिल्का (H), मुक्तसर (L) जिले) | 2 |
| उत्तर-पूर्वी सीमा (1262 किमी.) | हनुमानगढ़ (H), झुंझुनूँ, **सीकर, कोटपूतली-बहरोड़, डीग**, चूरू, अलवर, **खैरथल-तिजारा** | 8 | **हरियाणा** (रेवाड़ी, मेवात (नया नाम-नूंह), भिवानी, सिरसा, फतेहाबाद (L), हिसार, महेन्द्रगढ़ (H)) | 7 |
| दक्षिणी-पूर्वी (1600 किमी.) | धौलपुर, करौली, बारां, चित्तौड़गढ़, सवाईमाधोपुर,झालावाड़ (H),कोटा, प्रतापगढ़,भीलवाड़ा (L), बाँसवाड़ा | 10 | **मध्यप्रदेश** (झाबुआ (L), गुना, राजगढ़, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना, मन्दसौर, रतलाम, **अगरमालवा**, नीमच (H)) | 10 |
| पूर्वी (877 किमी.) | भरतपुर, धौलपुर, डीग | 3 | **उत्तरप्रदेश** (आगरा (H), मथुरा (L)) | 2 |
| दक्षिणी-पश्चिमी (1022 किमी.) | बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, उदयपुर (H), सिरोही, **जालौर**, बाड़मेर (L) | 6 | **गुजरात** (कच्छ (L), बनासकांठा (H), साबरकांठा, **अरावली, महीसागर** व दाहोद) | 6 |
| पश्चिम (1070 किमी.) | गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर (H), बाड़मेर, **फलौदी** (L) | 5 | **पाकिस्तान ( पंजाब प्रान्त** के बहावलपुर, बहावलनगर, रहीमयारखान तथा **सिंध प्रान्त** के घोटकी, संघर, सुक्कुर, खैरपुर, उमरकोट, थारपारकर जिले) | 9 |

H = सर्वाधिक सीमा, L = न्यूनतम सीमा

Scanned with OKEN Scanner